भारत सरकार /GOVERNMENT OF INDIA
रेलमंत्रालय/ MINISTRY OF RAILWAYS
आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली
MODERN COACH FACTORY, RAEBARELI

Azadi Ka Amrit Mahotsav

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक 28.10.2024

# आरेडिका में सर्तकता जागरूकता सप्ताह की शुरूआत

आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना रायबरेली में सतर्कता जागरूकता सप्ताह– 2024 की आज दिनांक 28.10.2024 को शुरूआत की गई। इस अवसर पर सतर्कता प्रतिज्ञा ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। इसमें महाप्रबंधक प्रशांत कुमार मिश्रा ने नीतिपरक कार्य पद्धतियों को अपनाने, ईमानदारी और सत्यनिष्ठा की संस्कृति को प्रोत्साहन देने तथा रिश्वत न लेने और न देने की नीति संहिताओं का अनुपालन करने के लिए शपथ दिलायी। इसी के साथ ही अन्य सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने अपने–अपने कार्य स्थल पर शपथ ग्रहण की।

प्रशासनिक सभागार में प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक राजीव खण्डेलवाल ने **"गुणवत्ता में सुधार और सर्तकता पहलुओं "** पर एक प्रजेण्टेशन के माध्यम से समझाया कि हम किस प्रकार एक गुणवत्ता में सुधार के लिए एक लिखित योजना बना सकते हैं जिससे बड़ी आसानी से गुणवत्ता में सुधार किया जा सकता है।

इसी कड़ी में आज शॉपिंग कॉम्पलेक्स में **"सत्यनिष्ठा की संस्कृति से राष्ट्र की समृद्धि"** विषय पर एक नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया।

इस अवसर आरेडिका के मुख्य सतर्कता अधिकारी एवं एसडीजीएम अकमल वदूद, प्रधान मुख्य यांत्रिक अभियंता विवेक खरे, प्रधान मुख्य विद्युत अभियंता हरीश चन्द्र, प्रधान वित्त सलाहकार बीएल मीना, प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक राजीव खण्डेलवाल, प्रधान मुख्य अभियंता एसपी यादव, प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी रूपेश श्रीवास्तव, प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त श्री रमेश चन्द्र सहित उच्च अधिकारी एवं कर्मचारियों उपस्थित रहे।

A Srivastava 28/10/2024

(अनिल कुमार श्रीवास्तव )
जन संपर्क अधिकारी